प्रेस नोट **_10/03/2025_**

03 वांछित तथा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 10.03.2025 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना मधुबन पुलिस द्वारा जरिये मुखबिर की सूचना पर बस स्टैण्ड मधुबन के पास से मु0अ0सं0 76/25 धारा 80,85(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्तगण प्रदीप वर्मा पुत्र श्यामसुन्दर वर्मा, श्यामसुन्दर वर्मा पुत्र जगरन्नाथ वर्मा निवासीगण कस्बा मधुबन जनपद मऊ व रौजा बेल्थरा मार्ग से मु0अ0सं0 18/25 धारा 64,333,351(2) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त राकेश गोड़ पुत्र स्व0 हरिकान्त गोड़ निवासी सरायमेवागिरी थाना मधुबन जनपद मऊ तथा थाना कोतावाली नगर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त विनोद पुत्र रामअनुज निवासी सहादतपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

50000 (पच्चास) हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार–

वांछित/जिलाबदर/इनामिया के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एसटीएफ टीम लखनऊ व थाना घोसी की संयुक्त टीम द्वारा आज दिनांक 10.03.2025 को रोडवेज घोसी के पास से मु0अ0सं0 93/23 धारा 368,, 376(3),363,366 व 3/4, 16/17 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त अजीत उर्फ सिन्टू पुत्र कंचन निवासी पुनापार थाना घोसी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम–

एसटीएफ टीम– निरीक्षक ओमशंकर शुक्ला, उ0नि0 प्रताप नरायण सिंह, हे0 का0 दिलीप कुमार, हे0का0 गिरजाशंकर यादव, हे0का0 मुकेश प्रजापति, चालक का0 कुमदेश एसटीएफ लखनऊ।

थाना टीम– थानाध्यक्ष घोसी श्री मनोज सिंह मय टीम।

मोबाइल ट्रेन से आते समय चोरी कर मोबाइल से आनलाइन ट्रांजैक्शन कर की गयी फ्रॉड की धनराशि 108000 रुपये (एक लाख आठ हजार रुपये) थाना दोहरीघाट साइबर पुलिस टीम द्वारा वापस कराया गया–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी घोसी श्री दिनेश दत्त मिश्र के कुशल नेतृत्व में साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना दोहरीघाट साइबर पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए। ट्रेन से आते समय मोबाइल चोरी कर मोबाइल से आनलाइन ट्रांजैक्शन कर की गयी फ्रॉड, पीडित दुर्गविजय यादव पुत्र रामसरीख निवासी लामी नई बाजार थाना दोहरीघाट जनपद मऊ के धनराशि 108000 रुपये की धनराशि अथक परिश्रम कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना दोहरीघाट के अधिकारी/ कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। साइबर

अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है। बस जागरुक रहकर ही साइबर से बचा जा सकता है।

बरामदकर्ता पुलिस टीम–

प्रभारी निरीक्षक श्री प्रमेन्द्र कुमार सिंह, क0आ0 सुनील कुमार, का0 अमित कुमार मिश्रा, का0 चन्दन कुमार, म0आ0 प्रज्ञा शुक्ला थाना दोहरीघाट जनपद मऊ

'आपरेशन क्लीन' अभियान के अन्तर्गत थाना रामपुर पर मुकदमों से सम्बन्धित कुल 17 दोपहिया वाहनों की नीलामी कराकर कुल ₹82500/- (ब्यासी हजार पांच सौ रुपये) के राजस्व की प्राप्ति की गई।

अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी श्री पियूष मोर्डिया के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में जनपद मऊ में थानों पर लंबित माल मुकदमाती/लावारिस वाहनों के निस्तारण हेतु चलाये जा रहे "ऑपरेशन क्लीन" अभियान के क्रम में उपजिलाधिकारी मधुबन श्री अखिलेश कुमार यादव व नायब तहसीलदार थानाध्यक्ष रामपुर श्री जितेन्द्र कुमार की उपस्थिति में आज दिनांक 10.03.2025 को थाना रामपुर पर विभिन्न जनपदों से आये 09 रजिस्टर्ड कबाड़ व्यापारियों के समक्ष बोली लगवाकर नीलामी प्रक्रिया के अन्तर्गत 17 दोपहिया वाहनों का निस्तारण कराकर जीएसटी सहित कुल ₹82500/- (ब्यासी हजार पांच सौ रुपये) राजस्व की प्राप्ति की गयी। प्राप्त धनराशि को नियमानुसार राजकोष में जमा किया जायेगा।